भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1958

30 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

दिल्ली में कॉलोनियों का पुनर्विकास

†1958. श्री आनंद भदौरियाः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चालू वर्ष के दौरान काली बाड़ी मार्ग, डीआईजेड क्षेत्र और बीकेएस मार्ग की कॉलोनियों के पुनर्विकास के लिए आवंटित निधि कितनी है;

(ख) क्या इन कॉलोनियों में निवास कर रहे स्वायत्त संगठनों के कर्मचारियों के लिए कोई वैकल्पिक आवास चिन्हित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी क्षेत्र-वार और टाइप-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने स्वायत्त संगठनों को वैकल्पिक आवासों की सूची उपलब्ध कराई है और यदि हां तो तत्संबंधी संगठन-वार और क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं और इन संगठनों के कर्मचारियों को पर्याप्त संख्या में वैकल्पिक आवास कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क): शून्य

(ख) से (घ): विस्तृत अनुदेश कार्यालय ज्ञापन संख्या डीई/आरडीवी/रीडेवलेपमेंट ऑफ कोलोनीज़/2026 दिनांक 27.05.2026 के माध्यम से जारी किए गए हैं, जो विभाग की वेबसाइट https://esampada.mohua.gov.in/signin/Circulars पर उपलब्ध हैं।